# दिनांक 21.12.2017 को राज्य परियोजना निदेशक के अध्यक्षता में कार्यालय के सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ–सफाई हेतु प्रकाशित निविदा से संबंधित क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही।

**बैठक की तिथि**: 21.12.2017 समय : अपराह्न 03:00 बजे
**स्थान** : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, राज्य स्तरीय कार्यालय, पटना।
**उपस्थिति** : संलग्न सूची के अनुसार (अनुलग्नक – 01)

**प्रस्ताव संख्या – 01: कार्यालय के सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित प्रकाशित निविदा के प्राप्त तकनीकी निविदाओं को खोलने के संबंध में।**

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के कार्यालय के सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सेवाओं को प्राप्त करने हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार सरकार के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में निविदा (Ref.No. IPRD No.9616 dated 14.11.2017) प्रकाशित किया गया था। इस निविदा प्रक्रिया के तहत प्राप्त तकनीकी निविदाओं को दिनांक 21.12.2017 को अपराह्न 03:00 बजे खोलने की तिथि निर्धारित था।

उक्त के आलोक में दिनांक 21.12.2017 को परिषद कार्यालय के राज्य परियोजना निदेशक के कक्ष में अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में छः निविदादाताओं के प्रतिनिधि उपस्थित हुये। इस निविदा प्रक्रिया में कुल 07 (सात) निविदा प्राप्त हुआ, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

1- M/s S.K.S Security Services, Rajendra Nagar, Patna
2- M/s S24 Consultancy & Services, Orchid Mall, Boring Road, Patna
3- M/s Biswas Security Services (I) Pvt. Ltd., S.P. Verma Road, Patna
4- M/s M3S Wg. Cdr. Shrikant Mishra, 151, Ashokapuri, Patna
5- M/s Elite Falcons, Boring Road, Patna
6- M/s R.S.S. Services, S. K. Nagar Road No. 17, Kidwaipuri, Patna
7- M/s Jet Intelligence Security Pvt. Ltd., Telegraph Colony, Kidwaipuri, Patna

समिति द्वारा प्राप्त सातों निविदाओं के तकनीकी निविदा को खोला गया एवं कार्यालय आदेश ज्ञापांक MGT/134/2014-15/9496, दिनांक 06.12.2017 के द्वारा गठित निविदा मूल्यांकन समिति को प्राप्त तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन कर समिति के समक्ष उपस्थापित करने का आदेश दिया गया। साथ ही इन सात निविदाओं के वित्तीय निविदा को उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष एक लिफाफा में सील बंद कर सुरक्षित रखने का आदेश दिया गया।

**प्रस्ताव संख्या – 02: कार्यालय के साफ–सफाई से संबंधित निविदा के तकनीकी निविदा मूल्यांकन प्रतिवेदन पर निर्णय के संबंध में।**

कार्यालय आदेश ज्ञापांक MGT/63/2012-13/Part/8256, दिनांक 16.10.2017 द्वारा गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा साफ–सफाई से संबंधित निविदा के तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन प्रतिवेदन क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

21/12/17 Ram 21.12.17 21/XII/2017 21.XII 21/12

समिति द्वारा इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न तुलनात्मक विवरणी का अवलोकन किया गया एवं मूल्यांकन समिति द्वारा Non Responsive संबंधित अनुशंसा पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

अतः सर्व सम्मति से क्रय समिति द्वारा उक्त निविदा को रद्द् कर पुनः निविदा प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि पुनः निविदा प्रकाशित करने के पूर्व निविदा में अंकित शर्तों की समीक्षा कर ली जाय एवं यथा संभव निविदा की शर्तों को व्यवहारिक रखा जाय।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

21/12/17
(उपेन्द्र कुमार पासवान)
लेखा पदाधिकारी(क्रय)

Raman 21.12.17
(रमण कुमार)
मुख्य लेखा पदाधिकारी( I/c )

21/12/2017
(रविशंकर सिंह)
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

21.12.17
(सचिन्द्र कुमार)
प्रशासी पदाधिकारी

21/12
(संजय सिंह)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक :MGT / 134 / 2014–15 (पार्ट-I) /9917 दिनांक : 21/12/2017

**प्रतिलिपि :**

1. क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. मुख्य लेखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रषित।
3. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी एम. आई. एस. को सूचनार्थ एवं कार्यालय वेवसाईट www.bepcssa.in पर तुरंत अपलोड करने हेतु प्रेषित।
4. कार्यालय आदेश ज्ञापांक MGT/134/2014-15/9496, दिनांक 06.12.2017 द्वारा गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति के सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/12/17
राज्य परियोजना निदेशक